**विधान परिषद के प्रथम सत्र, 2023 के द्वितीय गुरुवार हेतु निर्धारित श्री आशुतोष सिन्हा, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-1 का उत्तर।**

| **प्रश्न** | **उत्तर** |
|---|---|
| 1(क) क्या बाल विकास एवं पुष्टाहार मंत्री बतायेंगे कि विभाग के अन्तर्गत मिर्जापुर व वाराणसी एवं आजमगढ़ मण्डल के अन्तर्गत कौन-कौन सी योजनाएं बाल विकास द्वारा संचालित है ? | जी हाँ।<br>बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा 06 माह से 06 वर्ष के बच्चों, गर्भवती/धात्री महिलाओं के स्वास्थ्य एवं पोषण में सुधार हेतु निम्न योजनाएं संचालित हैं :-<br>1. अनुपूरक पोषाहार<br>2. स्वास्थ्य प्रतिरक्षण (टीकाकरण)<br>3. स्वास्थ्य जॉच<br>4. पोषण एवं स्वास्थ्य शिक्षा<br>5. संदर्भन सेवायें |
| (ख) उक्त योजनाओं से क्षेत्रीय जनता को क्या-क्या लाभ प्राप्त हो रहा है ? | विभाग द्वारा संचालित योजना/कार्यक्रम के माध्यम से विभाग के लाभार्थियों को निम्न लाभ प्राप्त हो रहे हैं :-<br>दैनिक पोषण संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति, टीकाकरण से गम्भीर बीमारियों से बचाव व रोगों से लड़ने की क्षमता में वृद्धि, स्वास्थ्य जांच के माध्यम से स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं की उपलब्धता, पोषण एवं स्वास्थ्य शिक्षा के माध्यम से पोषण जागरूकता, स्कूल पूर्व शिक्षा के माध्यम से 03 से 06 वर्ष के बच्चों का शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक व संज्ञानात्मक विकास तथा संदर्भन सेवाओं के माध्यम से अतिकुपोषित बच्चों के पोषण स्तर में सुधार जैसे लाभ प्राप्त होते हैं। |
| (ग) क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ? | उपरोक्तानुसार। |
| (घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | प्रश्न नहीं उठता। |

**बेबी रानी मौर्य**
मंत्री।